परियोजना का नाम :- जनपद पौड़ी गढ़वाल के विधानसभा क्षेत्र लैन्सडौन के विकासखण्ड नैनीडांडा के अन्तर्गत खंडोलियाखेत से कौला–पुलटण्डा तक मोटर मार्ग का नव निर्माण कार्य। लम्बाई (4.000) किमी0

## संयुक्त निरीक्षण रिपोर्ट (प्रमाण–पत्र)

आज दिनाक 07.01.2020 को उपरोक्त प्रयोजन हेतु मोटर मार्ग के संरेखण अन्तर्गत भूमि का संयुक्त निरीक्षण किया गया। जिसमें वन विभाग के प्रतिनिधि श्री शिव सिंह रावत, वन दरोगा, श्री रघुनाथ सिंह बिष्ट वन आरक्षी, दीवा रेंज, धूमाकोट प्रस्तावक विभाग की ओर से श्री प्रणवीर सिंह, अपर सहायक अभियंता एव श्री अनिल कुमार नेगी अमीन एवं राजस्व विभाग की ओर से श्री ज्योति मोहन सिंह राजस्व उपनिरीक्षक, संयुक्त निरीक्षण में उपस्थित हुयें। प्रश्नगत परियोजना को बनाने हेतु सर्वश्रेष्ठ स्थल/संरेखण के चयन तथा अन्य वैकल्पिक स्थलों/संरेखणों के चयन हेतु भाग लिया गया।

संयुक्त निरीक्षण के समय पाया गया कि उपरोक्त प्रयोजन हेतु ग्राम कौला तल्ला की सिविल वन पंचायत भूमि 0.360 हे0 एवं सिविल वन भूमि 0.090 व आरक्षित वन भूमि– शून्य हे0 प्रभावित होती है, इस प्रकार कुल वन भूमि 0.450 हे0 एवं निजी नाप भूमि 3.500 हे0 प्रभावित होगी जिसमें से मक डिस्पोजल हेतु नाप भूमि 0.350 हे0 प्रयुक्त की जानी है। इस प्रकार कुल वन भूमि 0.450 हे0 एवं नाप भूमि 3.500 हे0 भूमि मोटर मार्ग निर्माण हेतु प्रयुक्त की जानी है। प्रस्तावित वन पंचायत भूमि के अतिरिक्त अन्य कोई वैकल्पिक भूमि उपलब्ध नहीं है तथा प्रस्तावित भूमि की मांग न्यूनतम है। संयुक्त निरीक्षण 9.00 मी0 चौड़ाई के किया गया है। प्रश्नगत कार्य जनहित में किया जाना आवश्यक है।

चुने गये संरेखण में मात्र 73 पेड चीड़ के प्रभावित होगें अर्थात कुल 73 पेड़ परियोजना के निर्माण से प्रभावित होगें। चयनित उपयुक्त संरेखण किसी भी आरक्षित वन बीट से होकर नहीं जायेगा। चुने गये संरेखण का प्रारम्भ होने के स्थल का जी0पी0एस0 मान $29^0$ 41'43.09" N $79^0$ 02'02.00" E जो ग्राम कौला तल्ला की भूमि से आरम्भ है। एवं अन्तिक स्थल का जी0पी0एस0 मान $29^0$ 41'55.34" N $79^0$ 02'34.71" E है जो ग्राम पुलटण्डा में है। इस प्रकार संरेखण ग्राम कौला मल्ला एवं कौला तल्ला से होते हुए ग्राम पुलटण्डा को जोड़ता है जो नाप खेतों में समाप्त होता है। संरेखण के विभिन्न स्थानों पर मध्य बिन्दुओं का जी0पी0एस0मान $29^0$ 40'54.20" N $79^0$ 02'58.95" E, $29^0$ 40'59.46" N $79^0$ 03'25.57" E, है। चयनित उपयुक्त स्थल/संरेखण किसी राष्ट्रीय पार्क/ वन्य जीव अभ्यारण्य का हिस्सा नही है। चयनित उपयुक्त संरेखण के चयन से ग्रामवासियों के परम्परागत अधिकारों का हनन नही होगा। इस संरेखण पर निर्माण के दौरान जो मलवा उत्सर्जित होगा उसके निस्तारण हेतु भूमिधर काश्तकारों की सहमति से उनके निजी नाप खेतों में डंपिंग यार्ड बनाकर वायरक्रेट लगाकर उत्सर्जित मलवे का निस्तारण किया जायेगा।

आवेदित वन पंचायत भूमि में जिन वृक्षों का पातन किया जाना है उनकी सूची संलग्न है। प्रस्तावित क्षेत्र में हरियाली का घनत्व 0.45।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| अमीन<br>प्रा0ख0,लो0नि0वि0<br>लैन्सडौन | वन आरक्षी | (शिव सिंह रावत)<br>वन दरोगा | कनिष्ठ अभियंता<br>प्रा0ख0,लो0नि0वि0<br>लैन्सडौन | वन क्षेत्राधिकारी<br>दीवा रेंज धूमाकोट<br>गढ़वाल वन प्रभाग |

उप प्रभागीय वनाधिकारी<br>गढ़वाल उप वन प्रभाग पौड़ी

तहसीलदार<br>धूमाकोट

(ज्योति मोहन सिंह) 07.01.2020<br>राजस्व उपनिरीक्षक<br>पट्टी ...<br>तहसील ... धुमाकोट<br>जिला – गढ़वाल (उ0ख0)

सहायक अभियन्ता<br>प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0<br>(गढ़वाल)

अधिशासी अभियन्ता<br>ग्रामीण खण्ड लो0 नि0 वि0<br>लैंसडौन<br>30/1/2020

उपजिलाधिकारी<br>धुमाकोट पौड़ी गढ़वाल

जिलाधिकारी<br>गढ़वाल